दिन– रविवार	दिनांक– 21 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण का प्रचार तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज कटिहार में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

02. बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में मध्य प्रदेश से एक महिला समेत पांच आरोपी गिरफ्तार।

03. देश और प्रदेश में आज महावीर जयंती मनायी जा रही है। वैशाली और नालंदा में कई कार्यक्रम का किया गया है आयोजन।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने जारी किया है येलो अलर्ट।

———————————————————————

राज्य में दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव के तहत मतदान के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार अभियान तेज हो गया है। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को पाँच संसदीय क्षेत्र किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में मतदान होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह आज कटिहार के राजेन्द्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। श्री शाह एनडीए प्रत्याशी जदयू के दुलालचन्द गोस्वामी के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। जनसभा को जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री कुमार गृह मंत्री की सभा के बाद पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र के नरहिया में पेठिया बाजार से फलका बाजार तक रोड शो करेंगे। वहीं, इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस के तारिक अनवर यहाँ से चुनावी मैदान में है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को होने वाले मतदान के लिए नामांकन पत्रों की जाँच का काम पूरा हो गया है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्र में बयालीस नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए है। सबसे अधिक अररिया में बीस नामांकन पत्र रद्द किये गये हैं। वहीं, झंझारपुर और मधेपुरा में सात–सात, सुपौल में पाँच तथा खगड़िया में तीन नामांकन पत्र रद्द किये गये हैं। इन सीटों पर कुल चौवन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं। इस चरण में कल तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते है। मतदान सात मई को होगा।

———————————————————————

इधर, लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन पत्र भरने का काम जारी है। इस चरण के तहत अभ्यर्थी पच्चीस अप्रैल तक नामांकन कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच छब्बीस अप्रैल को की जायेगी। उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह मई को होगा। मुंगेर संसदीय क्षेत्र से एनडीए के प्रमुख उम्मीदवार जदयू के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

————————————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने पहले चरण के चुनाव क्षेत्रों के जिलों नवादा शेखपुरा और जमुई को छोड़कर अन्य सभी छह चरणों के होने वाले चुनाव क्षेत्रों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी और जिला पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में आगामी चरणों के चुनाव एवं मतदान की तैयारियों की समीक्षा की गयी। राज्य में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने सभी जिलों के डीएम को सभी बूथों पर पेयजल की सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने और धूप से बचाव को लेकर शामियाना लगाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, दिव्यांगजनों और पचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं से नियमानुसार पोस्टल बैलेट से वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सहायता के लिए हरेक बूथ पर व्यवस्था करने को कहा। पुलिस प्रशासन की ओर से एरिया डोमिनेशन एवं सुरक्षा की सख्त व्यवस्था उपलब्ध कराने की तैयारियों की भी समीक्षा की गयी।

————————————————————————

इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीनिवास ने नवादा शेखपुरा और जमुई जिलों को छोड़कर अन्य सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि मतदाता सूची की ई–कॉपी सभी मान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशियों को निःशुल्क उपलब्ध कराये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को चुनावी खर्च पर भी नजर रखने का निर्देश दिया।

————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे आरा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

आरा लोकसभा क्षेत्र में सातवें चरण के तहत एक मई को मतदान होगा। चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। भोजपुर के पुसिल अधीक्षक नीरज कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी और सहभागितापूर्ण चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

———बाईट—एसपी———

जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पहली बार मतदाता बने युवाओं में चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। आकाशवाणी समाचार के साथ कुछ युवाओं ने अपने विचार साझा किये।

———बाईट——वोटर———

इधर, आरा लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए आरा से मुकेश कुमार सिन्हा।

————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग के शिक्षक भर्ती प्रश्न पत्र लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने मध्यप्रदेश के उज्जैन पुलिस के सहयोग से एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पन्द्रह मार्च को आयोग की तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। वहीं, राज्य के शिक्षा विभाग ने कन्ट्रोल सेंटर के कॉल रिसिव नहीं करने वाले सड़सठ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों का वेतन बंद करते हुये उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट प्लस—टू की कक्षाओं में नामांकन के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र छब्बीस अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। समिति के अनुसार आवेदन पत्र भरने के दौरान किसी प्रकार की जानकारी के लिए हेल्पलाईन नम्बर— शून्य छह एक दो दो दो तीन शून्य शून्य शून्य नौ पर सम्पर्क किया जा सकता है।

————————————————————————————

देश और प्रदेश में आज महावीर जयंती मनायी जा रही है। इस अवसर पर राज्य के वैशाली और नालंदा में जैन समितियों ने कई कार्यक्रम का आयोजन किया है। जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर नालंदा जिले के कुंडलपुर में आज से दो दिवसीय कुंडलपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर इस महोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे। आज सुबह शोभायात्रा निकाली गयी। महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में कई कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को भी महावीर जयंती की अपनी शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि जैन धर्म में चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा त्याग और संयम का संदेश दिया है, जिसे हर किसी को अपनाना चाहिए। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्य और अहिंसा के संदेश पर चलकर राज्य तथा देश में शांति सद्‌भाव और

विश्वास को मजबूत किया जा सकता है। इधर, महावीर जयंती पर प्रधानमंत्री श्री मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में दो हजार पांच सौ पचासवां भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित हो रहा हैं। मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेखपुरा, नालंदा, औरंगाबाद, भोजपुर, गया, समेत राज्य के दक्षिण—मध्य और दक्षिण—पूर्व भागों में अधिकतर स्थानों पर तापमान बयालीस डिग्री सेंल्सियस के पार पहुँच गया हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक शैलेन्द्र कुमार पटेल ने कहा कि अगले पाँच दिनों तक राज्य के दक्षिणी भागों में उष्ण दिवस की स्थिति बनी रहेगी।

———बाईअ———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा राज्य का सर्वाधिक गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो सामान्य से छह दशमलव दो डिग्री अधिक है। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

गर्मी की छुट्टियों को लेकर यात्रियों की भीड़ को देखते हुये रेलवे ने पटना से देश के प्रमुख शहरों के लिए कई विशेष रेलगाड़ियों को चलाने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकारी ने बताया कि पटना से नई दिल्ली, पुणे, मुम्बई और बड़ोदरा के लिए विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जायेगा।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के व्यवहार न्यायालय स्थित एक अधिवक्ता के कार्यालय से पुलिस ने लाखों रूपये के फर्जी स्टाम्प पेपर बरामद किये हैं। अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान वहां उपस्थित सभी लोग फरार हो गये। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छोपमारी की जा रही है।

———————————————————————

गया जिले के एसडीओ कार्यालय में तैनात होमगार्ड जवान को कार्यालय परिसर में अज्ञात अपराधियों ने पेट में छुरा मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के बरियारपुर प्रखंड के हरिणमार पंचायत के दास टोला में खाना बनाने के दौरान आठ घरों में आग लग गई।

———————————————————————

शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र के दस्तांरा गांव के पास बागमती नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई।

———————————————————————

अररिया जिले के बैर गाछी थाना पुलिस ने कुर्सा कांटा मोड़ के पास से वाहन जांच के दौरान एक पिकअप वैन से छह सौ बारह लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– मुसलमानों के लिए भाजपा संग रहते हुये बहुत काम किया है।

दैनिक जागरण ने पहले चरण के मतदान प्रतिशत को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– लोकसभा चुनाव के पहले चरण में गुरूआ विधानसभा क्षेत्र के मतदाता रहे अव्वल। साठ दशमलव चार शून्य प्रतिशत हुआ मतदान।

दैनिक भास्कर लिखता है– केन्द्र ने मानसिक सेहत के लिए बनाया टास्क फोर्स।

प्रभात खबर ने कटिहार जिले में जांच के दौरान लाखों रूपये की जब्ती पर लिखा है– ट्रेन से बावन लाख रूपये जब्त, चैट खोलेगा राज।

आज अखबार की सुर्खी है– विशेष कक्षाओं से गायब पाये गये तीन सौ शिक्षक। गर्मी की छुट्टी में भी सरकारी स्कूलों में हो रही दो घंटे की पढ़ाई।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण का प्रचार तेज हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज कटिहार में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

02. बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में मध्य प्रदेश से एक महिला समेत पांच आरोपी गिरफ्तार।

03. देश और प्रदेश में आज महावीर जयंती मनायी जा रही है। वैशाली और नालंदा में कई कार्यक्रम का किया गया है आयोजन।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने जारी किया है येलो अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।